तापमान

अधिकतम 38.0 डिग्री

न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि कांकेर भूमि

रायपुर, शनिवार 7 जून 2025




भानुप्रतापदेव कालेज में पर्यावरण दिवस पर ... 14


मोहपुर में प्लास्टिक प्रदूषण को हराएं थीम... 14




## खबर संक्षेप

### जपं भानुप्रतापपुर की सामान्य सभा में नहीं पहुंचे अधिकारी



**भानुप्रतापपुर।** जनपद पंचायत भानुप्रतापपुर की सामान्य सभा की बैठक में 21 विभागों में से केवल सात विभागों के अधिकारी ही पहुंचे, जिससे जनपद सदस्यों में नाराजगी देखी गई। विभाग अधिकारियों की अनुपस्थिति से जनपद पंचायत की सामान्य सभा को स्थगित किया गया। साथ ही सभी अनुपस्थित अधिकारियों को पत्र जारी किया गया है, जिसमें आगामी सामान्य सभा की बैठक में उपस्थित होने कहा गया है। जनपद पंचायत के अध्यक्ष सुनाराम तेता ने कहा कि विभागों के अधिकारियों की अनुपस्थिति यह प्रमाणित करती है कि शासन की योजनाएं जिन्हें जमीनी स्तर पर लागू करना है, उसे पर इन अधिकारियों का ध्यान नहीं है, इसे हमने गंभीरता से लिया है।

### सरोना में दो शराब कोचिए के कब्जे से मिली शराब



**कांकेर।** दुधावा चौकी पुलिस ने मुखबिर की जानकारी पर छापामार कार्रवाई करते हुए 5 जून को आरोपी सरोना निवासी 47 वर्षीय दिनेश यादव के घर दबिश दी। आरोपी अपने घर परछी में 9 नग देशी प्लेन, 9 नग गोल्डन गोवा शराब को रखा हुआ था। आरोपी के कब्जे से कुल 1 हजार 800 रूपएं की शराब को जप्त कर धारा 34 (1) (क) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया। दूसरी कार्यवाही में 5 जून को आरोपी सरोना निवासी 35 वर्षीय देवलाल साहू के कब्जे से 9 नग देशी प्लेन, 3 नग बियर व नकद 350 रूपएं को जप्त कर धारा 34 (1) (क) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया।

### सुरंगदोह में सरपंच के पिता ने लगाई फांसी

**दुर्गूकोंदल।** कोड़ेकुर्सी थाना क्षेत्र के सुरंगदोह में भूखऊ मरकाम ने



फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। मिली जानकारी के अनुसार मृतक सुबह अपने घर से खेत जाने के लिए निकला और वहां फांसी लगा कर आत्महत्या कर लिया। आत्महत्या के कारणों का पता नहीं चल सका है। मृतक भूखऊ राम पूर्व सरपंच नामदेव मरकाम वर्तमान सरपंच कुमारी नीलिमा मरकाम के पिता थे। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में जुटी हुई है।

### करंट से झुलसे युवक की अस्पताल में हुई मौत

**कांकेर।** सिविल अस्पताल पखांजूर में इलाज के दौरान 44 वर्षीय विपुल मंडल का मौत हो गई। अस्पताल के वार्ड बॉय धनेश गावड़े ने पुलिस को बताया कि अधेड़ बिजली करंट की चपेट में आ गया था। इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती किया गया, जहां इलाज के दौरान 5 जून को मौत हो गया। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

### आमागुहान दमकसा में आज से लगेगा दो दिवसीय देवमेला

**दुर्गूकोंदल।** विकासखंड दुर्गूकोंदल के ग्राम पंचायत दमकसा के आश्रित ग्राम आमागुहान दमकसा का दो दिवसीय वार्षिक मेला-मड़ई 7 और 8 जून को आयोजित किया गया है। ग्राम गायता रमेश देहारी, उप सरपंच बीरेंद्र देहारी ने बताया मेला-मड़ई साथ ही मुर्गा मेला का भव्य आयोजन के साथ-साथ आस पास के देवी देवता डांग, डोली गायता, पटेल, कोटवार सहित ग्रामीण शामिल होंगे।

## सफलता : पुलिस के बढ़ते दबाव को देखकर जान छिपाते भाग रहे हैं माओवादी

# बिनागुंडा के जंगलों में पांच लाख का ईनामी माओवादी एसीएम सदस्य चढ़ा पुलिस के हत्थे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

- माओवादी को न्यायालय में पेश किया, न्यायिक रिमांड में भेजा गया जेल
- आलबेड़ा के मानू ध्रुवा हत्याकांड का है मुख्य आरोपी, पुलिस ने शव निकालकर कराई थी जाँच

परतापुर एरिया कमेटी में एलओएस की भूमिका निभाने वाले कुछ समय पहले एसीएम यानी एरिया कमेटी मेंबर पर पदोन्त होने वाला राजू नुरेटी पुलिस के बढ़ते दबाव को देखकर जान बचाने के लिए अकेले बिनागुंडा जंगल से सुरक्षित जगह की तलाश में था। गश्त पर निकली पुलिस को देखकर भागने पर पुलिस ने दबोचा और पूछताछ पर एसीएम निकला। पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया और न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया। इसके खिलाफ कांकेर जिले के थानों में कई मामले दर्ज है, पुलिस जाँच में जुटी है।

बस्तर आईजी सुंदरराज पी., डीआईजी अमित तुकाराम कांबले, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आई. कल्याण ऐलीसेला के निर्देशन पर एएसपी भानुप्रतापपुर आईपीएस संदीप पटेल संदीप पटेल एवं एएसपी पखांजुर राकेश कुमार कुर्रे के मार्ग दर्शन, एसडीओपी पखांजुर रवि कुमार कुजुर के पर्यवेक्षण में दो दिन पहले बीएसएफ एवं जिला पुलिस बल बिनागुंडा की ओर सर्चिंग पर निकली थी। फोर्स के सर्चिंग के दौरान 5 जून को बिनागुंडा के जंगल में फोर्स को देखकर एक व्यक्ति भागने लगा, जिसे फोर्स ने घेराबंदी करते हुए दबोचा। संदिग्ध से पुलिस ने पूछताछ शुरू किया, पहले इधर से उधर की बात करता रहा। फोर्स ने इसकी जानकारी उच्च अधिकारियों को दिया और उसे छोटेबेठिया थाना लाया गया। संदिग्ध से कड़ाई से पूछताछ करने पर पुलिस को बताया कि मैं मरों नुरेटी उर्फ राजू नुरेटी उर्फ राजू नुरूटी पिता स्व. पंडरा नुरेटी उम्र 44 वर्ष जाति गोड़ साकिन बिनागुण्डा थाना सोनपुर का निवासी हूँ और माओवादी हूँ। मैं परतापुर कमेटी का एलओएस था और अभी अभी एरिया कमेंटी मेंबर बनाया गया है। फोर्स के बढ़ते दबाव के चलते हम लोग जान बचाने के लिए घूम रहे है। मैं भी मौका पाकर जंगल से सुरक्षित स्थान पर जाने के लिए निकला था।

### माओवादी जंगल छोड़ने को मजबूर

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आई. कल्याण ऐलीसेला ने हरिभूमि से बात करते हुए बताया कि माओवादी पुलिस के बढ़ते दबाव के चलते जंगल से भागने को मजबूर है। कांकेर पुलिस और बीएसएफ के लगातार सर्चिंग के चलते माओवादी जान बचाने के लिए इधर से उधर भागकर भूमिगत होने के लिए मजबूर हो रहे है। स्थानीय नक्सलियों को अभी भी मौका है कि पुलिस के सामने आत्मसमर्पण कर शासन की पुर्नवास नीति का लाभ उठाकर सामान्य जीवन जीने का अधिकार मिल सकता है। पुलिस से संपर्क करने के लिए 9479194100 पर संपर्क कर सकते हैं।



### नक्सली घटनाओं में शामिल होना किया कबूल

गिरफ्तार माओवादी ने पुलिस की पूछताछ पर बताया कि 3 नवंबर 2017 प्रकरण में नक्सली कमाण्डर रामदेर, शंकर राव, सन्नू दरों, कैलाश, लिंगू, मधु, राजू नुरेटी, दर्शन पद्दा, हीरालाल, देव सिंग, रूपी, गोपी, एवं अन्य 15-20 नक्सली के साथ ग्राम झारावार के आगे पहाड़ी के पास पुलिस और नक्सली मुठभेड़ में सम्मलित होना कबूल किया। इसके अलावा आलदंड में मानू ध्रुवा हत्याकांड में भी होना कबूल किया।

### गिरफ्तार माओवादी पर पांच लाख का ईनाम

एसडीओपी पखांजुर रवि कुजूर ने बताया कि गिरफ्तार माओवादी के खिलाफ में कई मामले दर्ज है, जिसकी जाँच किया जा रहा है। गिरफ्तार माओवादी पहले परतापुर का एलओएस था और कुछ माह पहले ही एसीएम पद पर पदोन्नत किया गया है। इस कैडर के नक्सली पर पाँच लाख का ईनाम घोषित है। माओवादी को छोटेबेठिया थाना में अपराध क्र. 22/2017 धारा :-147, 148, 149, 302 भादवि, 25,27 आर्म्स एक्ट, 3, 5 विपअधि में गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है।

## विकास कार्यों को शुरू नहीं करने पर नगरवासियों में नाराज़गी : मुकेश



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नरहरपुर

हर छोटा- छोटा कार्य जो जनहित के लिए आवश्यक हो, अगर वह सरकार व स्थानीय विधायक के प्रयासो से सौग़ात के रूप में नगर को मिले तो जनता के बीच सरकार व जनप्रतिनिधियों के प्रति विश्वास बढ़ता है। परंतु वही ऐसे कार्यों के ठेकेदारों द्वारा ले लेने पश्चात सुस्त अवस्था में डाल देने से लोगों की नाराज़गी भी तेज़ी से बढ़ती है। जिसका खामियाजा स्थानीय जनप्रतिनिधियों को भुगतना पड़ता है। नगर पंचायत नरहरपुर के वार्ड क्रमांक 10 में स्थित तालाब व गार्डन सौंदर्यीकरण कार्य जिसका टेंडर पूर्ण हुए चार पाँच माह लगभग हो गया है। परन्तु संबंधित ठेकेदार द्वारा काम लेने पश्चात काम को गति देना शायद भूल गए हैं, जिसे लेकर वार्ड पार्षद मुकेश संचेती ने नगर पंचायत प्रशासन पर जमकर नाराज़गी व्यक्त की गई। संबंधित ठेकेदार पर कार्रवाई करने की मांग की गई। मुकेश संचेती ने बताया की नगर पंचायत में विभिन्न विकास कार्यों का टेंडर काफ़ी समय पहले हो चुका है, परंतु ग़ैर ज़िम्मेदार ठेकेदारों द्वारा कुछ कार्य जिसमें सार्वजनिक स्थानों ▶▶| शेष पेज 12 पर

## बस स्टाफ ने की मरीज के साथ मारपीट, सड़क पर उतरे व्यापारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| पखांजुर

- कार्रवाई के आश्वासन के बाद हटे

कांकेर रोडवेज के स्टॉफ द्वारा एक मरीज के साथ मारपीट का मामला प्रकाश में आया है। यात्री सौमित्र दे रायपुर अस्पताल से उपचार कराकर अपने घर वापसी कर रहे थे। तब बस स्टॉफ ने उनके मित्र से अधिक किराया वसूलने लगे। इस पर विरोध करने पर कांकेर रोडवेज के स्टाफ ने उनके साथ मारपीट कर दिया।

जानकारी के अनुसार सौमित्र दे की आर्थिक स्थिति बहुत कमजोर है और वह अपना उपचार सभी के सहयोग से करा रहे हैं। रायपुर से उपचार करवाकर वापिस कापसी आ रहे थी। तभी बीती रात को किराया अधिक की बात को लेकर बस के परिचालक ने उनके साथ मारपीट किया। इस निंदनीय घटना की खबर कापसी के व्यापारियों को मिली, तो उन्होंने रात 11 बजे कांकेर रोडवेज के मनमानी के विरोध में सड़क पर उतरकर प्रदर्शन किया। व्यापारियों ने बस स्टॉफ के रवैये की निंदा की और कार्रवाई की मांग किया। मरीज सौमित्र दे इस घटना की शिकायत पुलिस में दर्ज कराने की बात कही है। कापसी के व्यापारियों और मरीज के परिवार ने कांकेर रोडवेज के स्टॉफ के खिलाफ कार्रवाई की मांग किया है। कापसी के व्यापारी और स्थानीय लोग कांकेर रोडवेज के स्टॉफ के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे थे, तब पुलिस ने समझाइश देकर भीड़ को शांत करने की कोशिश की। थाना प्रभारी लक्ष्मण केवट ने अपने दल-बल के साथ मौके पर पहुंचकर भीड़ को समझाया और उन्हें रास्ता जाम नहीं करने की अपील किया।

### उग्र आंदोलन की चेतावनी

कापसी के व्यापारियों ने कांकेर रोडवेज के स्टॉफ से दो दिन में मारपीट करने वाले स्टॉफ को पखांजूर लाने की मांग किया है। अगर दो दिन में कार्रवाई नहीं होती है, तो कापसी व्यापारी वर्ग उग्र आंदोलन करने को मजबूर हो सकते हैं।

## भाजपा मंडल भानुप्रतापपुर की नई कार्यकारिणी की हुई घोषणा गिरधरी बनाए गए महामंत्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर

भारतीय जनता पार्टी मंडल भानुप्रतापपुर की नई कार्यकारिणी की घोषणा प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार पर जिलाध्यक्ष भाजपा महेश जैन द्वारा किया गया।

भारतीय जनता पार्टी ने नगर निकाय चुनाव के दौरान ही नए जिलाध्यक्ष और मंडल अध्यक्षों की नियुक्ति की गई थी, परंतु पुराने कार्यकारणी के आधार पर ही मंडल भाजपा का संचालन हो रहा था। चार महीने बाद प्रदेश एवं जिला नेतृत्व ने नई कार्यकारिणी की घोषणा कर दिया है। मंडल अध्यक्ष डिगेश खापर्डे की नई कार्यकारिणी में ऊर्जावान चेहरों को स्थान मिला है। युवा मोर्चा के जिला पदाधिकारी रहे राजीव श्रीवास और भारतीय सेना से सेवानिवृत्त हवलदार और अनूसूचित जनजाति मोर्चा में मंडल महामंत्री रहे गिरधारी नरेटी को भाजपा मंडल महामंत्री, चैतूराम आंचला, सरिता जोशी, ढलान सिंह राणा और योगेश सोनवानी को उपाध्यक्ष, जितेंद्र पांडे, अनिता रावटे, सुमित्रा साहू, कौशल्या उइके को मंत्री, जीवरखान सलाम को कोषाध्यक्ष, राजेंद्र जैन को कार्यालय प्रभारी, संतोष बाजपेयी को मीडिया प्रभारी का दायित्व और नरोत्तम चौहान को जिला प्रतिनिधि मनोनीत किया गया।

## सरोना से दुधावा मार्ग की हालत बदहाल, नहीं हो पा रही मरम्मत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरोना

- जनता हो रही परेशान, उग्र आंदोलन करने पर होंगे विवश

सरोना से दुधावा तक जाने वाला मुख्य मार्ग इन दिनों अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहा है। यह मार्ग केवल एक रास्ता नहीं, बल्कि हजारों ग्रामीणों की रोजमर्रा की जिंदगी से जुड़ी जीवनरेखा है, जो अब खस्ताहाल में तब्दील हो गई है। गड्ढों से भरा यह मार्ग अब जानलेवा बन चुका है। बारिश के पहले ही हालात ऐसे हैं, तो बरसात के बाद क्या होगा यह सोचकर ही ग्रामीणों की चिंता बढ़ रही है।

सरोना से दुधावा तक जाने वाला प्रमुख संपर्क मार्ग ग्रामीणों के लिए एक चुनौती बन चुका है। बीमारों को समय पर अस्पताल नहीं मिल पा रहा, छात्र-छात्राओं की पढ़ाई प्रभावित हो रही है और व्यापारियों ▶▶| शेष पेज 12 पर



### मरम्मत के नाम पर चुप्पी साधे बैठा लोक निर्माण विभाग

ग्रामीणों द्वारा कई बार शिकायत करने के बावजूद लोक निर्माण विभाग की ओर से कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। मरम्मत के नाम पर केवल कागजी खानापूर्ति होती नजर आ रही है। सड़कों पर गिट्टी डालने की खानापूर्ति कर विभाग इतिश्री मान रहा है, जबकि जमीनी हकीकत कुछ और ही कहती है।

## किसानों ने सीखी नई उन्नत तकनीक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



विकसित कृषि संकल्प अभियान कार्यक्रम का आयोजन ग्राम पंचायत आमाबेड़ा में किया गया। सर्वप्रथम छतीसगढ़ महतारी के छायाचित्र पर दीप प्रजवल्लित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। तद्पश्चात किसान रथ का स्वागत एमएल शोरी वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी सह समस्त अधिकारी, कर्मचारी व जनप्रतिनिधियों द्वारा किया गया। सहायक संचालक कृषि नोडल अधिकारी सीआर भास्कर द्वारा कार्यक्रम का उद्देश्य, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, किसान क्रेडिट ▶▶| शेष पेज 12 पर

## केंद्र में भाजपा सरकार के 11 साल पूरे होने पर बूथ स्तर तक जाएंगे भाजपा के कार्यकर्ता



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

- सरकार की योजनाओं की जानकारी घर- घर तक पहुंचाया जाएगा

भारतीय जनता पार्टी केंद्र में प्रधानमंत्री नरेन्द्रमोदी के नेतृत्व में भाजपा सरकार के स्वर्णिम 11 वर्ष पूर्ण होने पर जिले से लेकर बूथ स्तर तक की कार्ययोजना बना कर जनता के बीच जाएगी और केंद्र सरकार की योजनाओं की जानकारी देगी। उक्त बातें भाजपा के बस्तर संभाग सह संगठन प्रभारी निरंजन सिन्हा ने कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा।



बस्तर संभाग के सहसंगठन प्रभारी ने कमल सदन में 6 जून को आयोजित कार्यशाला में बताया कि 3 जून को रायपुर स्थित भाजपा कार्यलय एकात्म परिसर में प्रांतीय कार्यशाला 11 साल विकसित भारत का अमृत काल, सेवा सुशासन और गरीब कल्याण विषय को लेकर हुई थी। उसमें बताया गया था कि संकल्प से सिद्धि अभियान के तहत प्रेस कॉन्फ्रेंस प्रदर्शनी तथा प्रोफेशनल मीट का कार्यक्रम आयोजित किया जाना है। जारी कार्यक्रम के तहत 12 से 14 जून तक सभी मंडलों में मंडल स्तर पर विकसित भारत संकल्प सभा, 15 से 17 जून तक वार्ड, शक्ति केंद्र, बूथ स्तर पर चौपाल कार्यक्रम आयोजित होंगे, जिसमें सभी स्तर पर नेताओं का प्रवास भी होगा। 9 से 20 जून तक योग प्रशिक्षण शिविर लगाया जाएगा, जिसमें सभी कार्यकर्ता प्रशिक्षित होंगे। 21 जून को वार्डो में योग दिवस का कार्यक्रम, पर्यावरण दिवस से लेकर 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस तक वृक्षारोपण, पर्यावरण एवं जल संरक्षण, एक पेड़ मां के नाम जैसे अनेक कार्यक्रम, 23 जून को डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि बलिदान दिवस के रूप में बूथ स्तर तक मनाया जाएगा। भाजपा जिलाध्यक्ष महेश जैन ने बताया कि ▶▶| शेष पेज 12 पर

## युक्तियुक्तकरण होने के उपरांत कलेक्टर निलेश ने बताई हकीकत

# छात्र की पढ़ाई नहीं होगी प्रभावित, शिक्षकों को मिलेगा बेहतर मौका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

- शिक्षकों की न्यायसंगत ढंग से की गई पदस्थापना

जिला कार्यालय के सभाकक्ष में राज्य शासन की शिक्षा नीति युक्तियुक्तकरण को लेकर पत्रकारवार्ता आयोजित किया गया, जिसमें कलेक्टर निलेश कुमार महादेव क्षीरसागर ने कहा कि युक्तियुक्तकरण से छात्र की पढ़ाई प्रभावित नहीं होगी, बेहतर शैक्षणिक वातावरण मिलेगा। शिक्षकों को न्यायसंगत ढंग से पदस्थापना किया गया है।

कलेक्टोरेट के सभाकक्ष में युक्तियुक्तकरण को लेकर 6 जून को आयोजित प्रेसवार्ता में कलेक्टर ने बताया कि छत्तीसगढ़ शासन द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 एवं शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 के अनुरूप पूरे प्रदेश में विद्यालयों एवं शिक्षकों का युक्तियुक्तकरण किया जा रहा है। नगरीय क्षेत्रों में छात्रों की तुलना में कहीं अधिक शिक्षक पदस्थ हैं, जबकि ग्रामीण एवं दूरस्थ अंचलों में शिक्षकों की भारी कमी है। इसका सीधा असर विशेषकर विज्ञान, गणित और अंग्रेजी जैसे विषयों की शिक्षा पर पड़ रहा है। इसी असंतुलन को दूर करने के उद्देश्य से राज्य सरकार ▶▶| शेष पेज 12 पर




### कांकेर जिले में प्राथमिक स्तर पर छात्र-शिक्षक अनुपात 21.84

जिला शिक्षा अधिकारी अशोक पटेल ने बताया कि वर्ष 2025 के राज्य स्तरीय आंकड़ों के अनुसार कांकेर जिले में प्राथमिक स्तर पर छात्र-शिक्षक अनुपात 21.84 है। पूर्व माध्यमिक स्तर पर यह अनुपात 26.2 है। वर्तमान में जिले में प्राथमिक स्तर पर 168 और पूर्व माध्यमिक स्तर पर 257 शिक्षक अतिशेष के रूप में चिह्नित हैं। जिले के कुल 2441 विद्यालयों में से केवल 20 विद्यालयों का समायोजन किया गया है, जबकि 2421 विद्यालय यथावत संचालित रहेंगे। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह कोई पद कटौती नहीं है, बल्कि गुणवत्ता, समानता और बाल-केंद्रित सुधार प्रक्रिया है, जिसका उद्देश्य प्रत्येक छात्र को सशक्त, समावेशी और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराना है।

## खबर संक्षेप

### एलआईसी शाखा में स्थापना दिवस मनाया जाएगा 9 को

**जगदलपुर।** भारतीय जीवन बीमा निगम सेंट्रल जोन की 34वीं स्थापना दिवस 9 जून को मनाया जायेगा । धरमपुरा स्थित एलआईसी शाखा कार्यालय में दोपहर 1.30 बजे अभिकर्ताओं और अधिकारियों की मौजूदगी में दीप प्रज्वलन किया जाएगा। उसके बाद शाखा के बड़े अधिकारी एलआईसी की लंबी यात्रा और बीमा संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी देंगे।

### नशे में समाधान शिविर पहुंचा तोकापाल पंस सकरू निलंबित

**जगदलपुर।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत प्रतीक जैन ने पदीय दायित्वों के निर्वहन में उदासीनता बरतने के कारण ग्राम पंचायत सचिव डिमरापाल विकासखण्ड तोकापाल सकरू राम कश्यप को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया है। जारी आदेश में कहा गया है कि अनुविभागीय अधिकारी राजस्व तोकापाल से प्राप्त प्रतिवेदन के अनुसार तोकापाल क्षेत्रान्तर्गत 17 मई को ग्राम बड़ेमारेंगा जनपद पंचायत तोकापाल में आयोजित समाधान शिविर में सचिव ग्राम पंचायत डिमरापाल सकरू राम कश्यप द्वारा शराब का सेवन कर समाधान शिविर में उपस्थित होने के कारण निलंबित किया गया है। मुख्यालय कार्यालय मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत तोकापाल निर्धारित किया गया है।

### पेयजल की कमी से दैनिक जीवन हो रहा प्रभावित



**जगदलपुर।** शहरी क्षेत्र में शुद्ध पेयजल की कमी से दैनिक जीवन में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। लोक स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग की लापरवाही के कारण शुद्ध पेयजल की आपूर्ति प्रभावित हो रही है। पार्षद गौतम पानीग्राही ने विजय वार्ड स्थित फिल्टर प्लांट का विडियो बनाकर नगर निगम के लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की कार्यप्रणाली पर सवालिया निशान लगाएं हैं। पार्षद ने निगम प्रशासन द्वारा लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को मूलभूत उपकरण नहीं देने की बात कही है जिससे कर्मचारी परेशान हैं और काम करने में असमर्थ हैं। उन्होंने कहा है कि शहरवासियों को शुद्ध पेयजल की कमी के कारण अपने दैनिक जरूरतों को पूरा करने में परेशानी हो रही है। जनता निगम सरकार से सवाल पूछ रहे हैं कि आखिर शुद्ध पेयजल की आपूर्ति क्यों नहीं हो रही। नगर सरकार की जिम्मेदारी है कि वह इस समस्या का समाधान करने के लिए तुरंत कदम उठाए और शुद्धी पेयजल की आपूर्ति को सुनिश्चित करे। पार्षद ने कहा विभाग को अपनी कार्यक्षमता बढ़ाने के लिए आवश्यक सामग्री और उपकरण प्रदान करने होंगे। सरकार को जल जीवन मिशन को लागू करना होगा और इसके तहत हर घर में शुद्ध पेयजल पहुंचाने का लक्ष्य हासिल करना होगा।निगम सरकार और विभाग इन कदमों को उठाकर शहर में शुद्ध पेयजल की कमी की समस्या का समाधान करेंगे और लोगों को उनका अधिकार दिलाएंगे।

# शिक्षकों को नवीन शैक्षणिक तकनीकों में दक्ष बनाने के लिए प्रशिक्षण आरंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

जंगो रायतार समाज कल्याण समिति, छत्तीसगढ़ द्वारा संचालित शैक्षणिक संस्थाओं के शिक्षकों के लिए सात दिवसीय विषय–आधारित आवासीय प्रशिक्षण शिविर ग्राम मसोरा स्थित जंगो रायतार इंग्लिश पब्लिक स्कूल में प्रारंभ हुआ। यह प्रशिक्षण 2 जून से 8 जून तक आयोजित किया जा रहा है, जिसमें बस्तर संभाग अंतर्गत कांकेर के सरोना, चारामा, नारायणपुर और कोंडागांव क्षेत्र से कुल 26 शिक्षक भाग ले रहे हैं। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य शिक्षकों को नवीन शैक्षणिक तकनीकों में दक्ष बनाना है। प्रशिक्षण में आदर्श कक्षा संचालन, भूमिका–निर्माण रोल प्ले, केस स्टडी, आधारभूत शिक्षण कौशल के विकास तथा वैकल्पिक

**जंगो रायतार स्कूल मसोरा में शिक्षकों के लिए सात दिवसीय शिविर**





लिपि के रूप में गोंडी भाषा के संरक्षण जैसे विषयों पर विस्तृत रूप से शिक्षण दिया जा रहा है। संस्था के सचिव पीला राम मरकाम ने जानकारी दी कि आदिवासी समुदाय द्वारा संचालित शिक्षण संस्थाएं दूरस्थ व आदिवासी बहुल क्षेत्रें में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए लगातार प्रयासरत हैं। उन्होंने यह भी बताया कि इस प्रशिक्षण में गोंडी भाषा संरक्षण के लिए गोंडी विशेषज्ञ शिक्षकों द्वारा विशेष सत्रों का आयोजन किया गया है। जिससे शिक्षकों को मातृभाषा के प्रति जागरूकता के साथ–साथ व्यावहारिक जानकारी भी प्राप्त हो सके। यह प्रशिक्षण न केवल शिक्षकों के शैक्षणिक विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है, बल्कि क्षेत्रीय भाषा और संस्कृति को संजोने का एक प्रभावशाली माध्यम भी बन रहा है।

## सड़क दुर्घटना: रिफर के लिए परिजनों को घंटों करना पड़ा इंतजार

# 4 अलग अलग हादसों में एक की हुई मौत चार को किया गया रिफर, चार का उपचार जारी





हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव

नगर के लिए 5 जून गुरुवार का दिन हादसों भरा रहा। थानातंर्गत अलग अलग चार हादसे हुए। हादसों में एक युवक की मौत हो गई। चार घायलों को इलाज के लिए हायर सेंटर रिफर किया गया। वही चार घायलों को इलाज के लिए स्थानीय अस्तपाल में भर्ती किया गया है।

पहली घटना में नेशनल हाइवे 30 बहीगांव तालाब के पास गुरुवार की रात करीब 8 बजे ट्रक ने सवारियों से भरी ऑटो को टक्कर मार दी। हादसे में ऑटो में सवार आमोडा निवासी शरशीला पटेल, सरस्वती पटेल , त्रिलोचनी, रामसिंह, चेरबेड़ा निवासी सनबती नेताम, ऑटो मालिक सीकागांव निवासी प्रेमराज जैन घायल हो गए। सभी घायलों को उपचार हेतु फरसगांव अस्पताल में लाया गया है। सनबती नेताम और प्रेमराज जैन को बेहतर उपचार हेतु जिला अस्पताल रिफर किया गया ।

**मासूम बच्चे के ऊपर गिरी कच्ची ईट की दीवार, स्थिति नाजुकः** वहीं दूसरा हादसा फरसगांव क्षेत्र के ग्राम भंडारसिवनी बुरकाभाटा निवासी 3 साल के मासूम डेविड शोरी पिता मंगतू शोरी गुरुवार की शाम अपने घर के किचन रुम में खेल रहा था। तभी किचन में स्थित कच्ची ईट से बना पिलर नुमा दिवाली उसके ऊपर गिर गया। परिजनों द्वारा उसे उपचार हेतु फरसगांव अस्पताल लाया गया । उसे अंदरूनी गंभीर चोट आने से बेहतर उपचार हेतु रात करीब 10 बजे जिला अस्पताल रिफर किया गया।

**गुरुद्वारा के पास हुआ सड़क हादसा, युवक की हुई मौतः** वहीं तीसरा हादसा नेशनल हाइवे 30 फरसगांव गुरुद्वारा के पास गुरुवार की रात करीब 10 बजे एक सड़क हादसा हो गया। हादसे में ग्राम कोर्रा बड़गांव निवासी युवक रविन्द्र यादव पिता लेखन यादव गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर फरसगांव थाना पुलिस ने अपने वाहन से तत्काल घायल युवक उपचार हेतु फरसगांव अस्पताल लाया। जहां उपचार कर रहे डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया. पुलिस ने रात करीब 11 बजे मृतक के शव को पोस्टमार्टम हेतु चीर घर में रखा गया। दूसरे दिन शुक्रवार को परिजनों की रिपोर्ट पर मार्ग कायम कर शव का पोस्टमार्टम के बाद शव को परिजनों के सुपुर्द किया गया, पुलिस जाँच विवेचना कर रही है।

**बाइक से गिर गंभीर रूप से युवक हुआ घायल :** चौथे सड़क हादसे में ग्राम बंगोली निवासी युवक रिकेश नेताम अपनी बाइक से ग्राम छिंदली गांव जा रहा था। तभी रास्ते में वह अपनी बाइक से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे परिजनों के द्वारा तत्काल उपचार हेतु फरसगांव अस्पताल लाया गया। उसके सर में गंभीर चोट आने के चलते प्राथमिक उपचार के बाद रात करीब 10:30 बजे बेहतर उपचार हेतु जिला अस्पताल रिफर किया गया है।

**108 पर फोन लगाया पर नहीं उठाया गया :** गुरुवार को हुए सड़क हादसे में रिफर हुए घायलों को घंटों इंतजार के बाद रिफर किया गया। शाम 7 बजे उपचार के लिए लाए मासूम बच्चों को रिफर किया गया, लेकिन परिजनों के द्वारा 108 में फोन लगाया गया। लेकिन 108 के सर्विस सेंटर में बैठे कर्मचारी ने फोन ही नहीं उठाया। जिसके कुछ देर बाद ट्रक की टक्कर से घायल हुए ऑटो में सवार लोगों को करीब 8 बजे लाया गया । घायलों के परिजनों ने भी 108 में फोन लगाया लेकिन फोन नहीं लगा। जिसके बाद फरसगांव नगर पंचायत अध्यक्ष प्रशांत पात्र अस्पताल पहुंचे जिन्होंने 108 के उच्च अधिकारियों को फोन करके एंबुलेस मंगवाई। जिसके बाद माकड़ी से एक एंबुलेस आई जिसमें 10 बजे मासूम बच्चों को जिला अस्पताल रिफर किया गया। वही नेशनल हाइवे की एंबुलेस से घायल युवक को रिफर किया गया।

# कलेक्टर पन्ना ने किया शासकीय मत्स्य बीज प्रक्षेत्र का अवलोकन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

कलेक्टर श्रीमती नुपूर राशि पन्ना ने 5 जून को कोपाबेड़ा स्थित शासकीय मत्स्य बीज प्रक्षेत्र का अवलोकन किया और यहां संचालित गतिविधियों की जानकारी ली। सहायक मत्स्य अधिकारी योगेश देवांगन ने इस दौरान बताया कि यहां कतला, रोहू, मृगल, ग्रास कार्प, कामन कार्प के साथ ही देशी मांगुर मछलियों का मत्स्य प्रेरित प्रजनन द्वारा बीज उत्पादन किया जाता है। ये मत्स्य बीज जिले के साथ–साथ अन्य जिलों को भी प्रदाय किया जाता है। कलेक्टर श्रीमती पन्ना ने मत्स्य बीज प्रक्षेत्र के विकास के लिए निर्देशित किया एवं प्रक्षेत्र के आवश्कतानुसार फेंसिंग तथा अधोसंरचनाओं का मरम्मत व पुनर्निर्माण के निर्देश दिए। उन्होंने मत्स्य पालन के उनत तकनीक आरएएस की ईकाई स्थापित करने के संबंध में चर्चा की।

### ये रहे उपस्थित

इस दौरान अनुविभागीय दण्डाधिकारी अजय उरांव, कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिक डॉ. ओम प्रकाश सिंह भी उपस्थित रहे।

# मोर गांव, मोर पानी अभियान की प्रशिक्षण का हुआ समापन

**पखांजुर।** जनपद पंचायत कोयलिबेड़ा लिंक कार्यालय पखांजुर में मोर गांव, मोर पानी अभियान प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन 5 जून को हुआ। यह प्रशिक्षण 2 जून से कार्यालय के परिसर में प्रारंभ किया गया था।

समापन के बाद विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में कार्यालय के सामने वृक्षारोपण किया गया। मोर गांव, मोर पानी अभियान का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में जल संचयन और प्रबंधन को बढ़ावा देना है। इस अभियान के तहत ग्रामीणों को जल संचयन के महत्व और इसके लाभों के बारे में जागरूक किया जा रहा है। पौधारोपण पर्यावरण संरक्षण में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। वृक्ष वातावरण में ऑक्सीजन का स्तर बढ़ाते हैं और कार्बन डाइऑक्साइड को अवशोषित करते हैं। इसके अलावा, वृक्ष मिट्टी के क्षरण को रोकने और जल संचयन में भी मदद करते हैं। जनपद पंचायत लिंक कार्यालय पखांजुर के अधिकारियों और कर्मचारियों ने विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन करके एक सराहनीय पहल की है। इस तरह के कार्यक्रमों से लोगों में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ती है। इस अवसर पर जनपद उपाध्यक्ष मंजू सरदार, जनपद सदस्य विश्वजीत देवनाथ, हरनगढ़ उपसरपंच, सीईओ उदय प्रकाश नाग, एडीशनल सीईओ एस सी वैध और समस्त स्टाफ उपस्थित रहे।

# पीढ़ापाल में श्रमिक पंजीयन एवं नवीनीकरण शिविर का आयोजन

**कांकेर।** कांकेर के ग्राम पंचायत पीढ़ापाल में श्रम विभाग द्वारा पंजीयन एवं नवीनीकरण शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र के श्रमिकों को शासन की श्रम कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देना तथा उनका पंजीयन एवं नवीनीकरण करना था।

श्रमपदाधिकारी सुदेश गोटी ने जानकारी देते हुए बताया कि शिविर में ग्रामीणों को श्रमिक पंजीयन की प्रक्रिया, पात्रता, लाभ एवं योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी गई। इस अवसर पर कुल 107 नए श्रमिकों का पंजीयन किया गया। 1 श्रमिक का नवीनीकरण संपन्न हुआ। शिविर के माध्यम से ग्रामीणों ने श्रमिक पंजीयन की प्रक्रिया को समझा और योजनाओं का लाभ लेने के प्रति जागरुकता दिखाई। श्रम विभाग द्वारा इस प्रकार के शिविरों के माध्यम से अधिक से अधिक श्रमिकों को योजनाओं से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। शिविर में श्रम विभाग



से श्रम निरीक्षक विवेक साव, श्रम कल्याण अधिकारी जयप्रकाश चौहान, श्रम कल्याण निरीक्षक प्रवीण सुकतेल, सतीश नाग एवं महावीर, धनेश्वर सिंहा एवं परमेश्वरी मौजूद रहे।

## जुगलू एवं दशा पर 50-50 हजार का ईनाम

# 7 माओवादियों ने किया आत्मसमर्पण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

नक्सलवाद की ओर भटके युवा अब समाज के मुख्यधारा में जुड़ने लगे हैं। इसी प्रयास में 2 ईनामी सहित कुल 7 माओवादियों ने आत्मसमर्पण की इच्छा जाहिर करते हुये लोन वर्राटू घर वापस आईये अभियान के तहत 6 जून को उप महानिरीक्षक दंतेवाड़ा रेंज कमलोचन कश्यप, पुलिस अधीक्षक गौरव राय, कमांडेंट 230वीं वाहिनी सीआरपीएफ अनिल कुमार प्रसाद, कमांडेंट 195वीं वाहिनी सीआरपीएफ राजीव कुमार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक स्मृतिक राजनाला, पूजा कुमार, रामकुमार बर्मन एवं उप कमाण्डेन्ट विमल कुमार सीआरपीएफ रेंज दन्तेवाड़ा के समक्ष डीआरजी कार्यालय दंतेवाड़ा में आत्मसमर्पण किये। इन माओवादियों को आत्मसमर्पण कराने में डीआरजी, बस्तर फाईटर्स, 230वीं वाहिनी सीआरपीएफ एवं 195वीं वाहिनी सीआरपीएफ दन्तेवाड़ा का विशेष योगदान रहा।आत्मसमर्पित माओवादियों को पुनर्वास नीति के तहत 50 हजार रूपये की सहायता राशि के साथ छत्तीसगढ़ शासन द्वारा मिलने वाली अन्य सुविधायें मुहैया कराई जाएगी। पुलिस विज्ञप्ति में बताया गया है कि लोन वर्राटू अभियान के तहत अब तक 238 ईनामी सहित कुल 991 माओवादियों ने आत्मसमर्पण कर समाज के मुख्यधारा में जुड़ चुके हैं।





### इन्होंने किया समर्पण

आत्मसमर्पित माओवादियों में जुगलू उर्फ सुंडुम कोवासी 23 वर्ष निवासी कुड़मेर थाना मिरतुर जिला बीजापुर, पोमरा आरपीसी सीएनएम सदस्य 50 हजार ईनामी, दशा उर्फ बुरकू पोड़ियाम 26 वर्ष निवासी कुड़मेर थाना मिरतुर जिला बीजापुर, पोमरा आरपीसी सीएनएम सदस्य 50 हजार ईनामी, भोजा राम माड़वी 48 वर्ष निवासी सालेपाल भटवेड़ा थाना मालेवाही जिला बस्तर, लखमा उर्फ सुती उर्फ लखन मरकाम 26 वर्ष निवासी टेटम स्कूलपारा थाना कटेकल्याण जिला दन्तेवाड़ा, रातू उर्फ ओठे कोवासी 25 वर्ष निवासी कुड़मेर थाना मिरतुर जिला बीजापुर, सुखराम पोड़ियाम 25 वर्ष निवासी करकावाड़ा थाना बांगापाल जिला बीजापुर तथा पण्डरू राम पोड़ियाम 45 वर्ष निवासी पुसालामा थाना ओरछा जिला नारायणपुर शामिल हैं।

## पेज 11 के शेष

### विकास कार्यों को...

पर निर्माणाधीन शौचालय निर्माण, मुक्तिधाम सौंदर्यीकरण व वार्डों में चबूतरा, सामाजिक भवन मांगलिक भवन जैसे महत्वपूर्ण कार्यों को अधूरा कर छोड़ दिया गया है। वहीं कुछ महत्वपूर्ण कार्य जिसे ठेकेदोरो द्वारा आज तक शुरू ही नहीं किया गया है। उन्हें कई बार कार्य प्रारंभ करने कहा गया पर काम शुरू नहीं किया गया जो कि ठेकेदारों की मनमानी को उजागर करता है। इस मामले को लेकर नगरवासियों व जनप्रतिनिधियों में व्यापक नाराज़गी बड़ता जा रहा जो की समय रहते अगर कार्य प्रारंभ व पूर्ण नही हुआ तो आंदोलन का रूप लेगा यह तय है। जिसे लेकर नगर पंचायत अधिकारी रोशन ठाकुर को ज्ञापन सौंप कर सभी कार्यों को शीघ्र प्रारंभ व अधूरे कार्यों को पूरा कराने कहा। साथ शीघ्र कार्य प्रारंभ नही होने पर विरोध प्रदर्शन करने की चेतावनी दी गई।

**ये रहे मौजूद-** ज्ञापन सौंपने के दौरान शीतला समिति अध्यक्ष छेदू राम शोरी, लक्ष्मी नारायण साहू, पंचूराम साहू, नारायण ध्रुव, पूर्व पार्षद आशा राम जूरी, पूर्व सरपंच मोहन कुंजाम, चमर सिंह विश्वकर्मा, सच्चू साहू, सीताराम पटेल, लीलाराम चक्रधारी आदि मौजूद रहे।

### सरोना से दुधावा...

का व्यवसाय ठप पड़ता जा रहा है। रोजमर्रा के काम-काज से लेकर आपातकालीन परिस्थितियों तक हर मोर्चे पर यह टूटा फूटा मार्ग बाधा बन रहा है। सबसे निराशाजनक स्थिति यह है कि क्षेत्र के जनप्रतिनिधि जिन पर लोगों ने अपने विश्वास की बुनियाद रखी थी, वे भी चुप्पी साधे बैठे हैं। चाहे पंचायत प्रतिनिधि हों, जनपद सदस्य हों या विधायक किसी ने भी सड़क की इस गंभीर समस्या पर अब तक कोई ठोस पहल नहीं की है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते इस मार्ग की मरम्मत नहीं कराई गई, तो वे उग्र आंदोलन करने पर विवश होंगे। अब वक्त आ गया है कि शासन-प्रशासन और जनप्रतिनिधि इस मामले को गंभीरता से लें और इस सड़क को फिर से चलने योग्य बनाएं।

### किसानों ने सीखी...

कार्ड, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना एवं खाद बीज भंडारण वितरण पर विस्तार पूर्वक जानकारी दिया गया। विभाग में संचालित जन कल्याणकारी योजना की जानकारी कृषक बंधुओ को दिया गया। डॉ. उपेन्द्र नाग वैज्ञानिक कृषि विज्ञान केंद्र कांकेर द्वारा उन्नत तकनीको, नई किस्मों, जैविक खेती, खरीफ मौसम के प्रमुख फसलों की आधुनिक तकनीक पर विस्तार पूर्वक जानकारी दिया गया। मृदा परीक्षण, खेत की तैयारी, बीज का चयन एवं बीजोपचार, संतुलित उर्वरक का उपयोग, समन्वित कीट प्रबंधन, फसल चक्र परिवर्तन, समन्वित कृषि प्रणाली पर विस्तार पूर्वक जानकारी दिया गया। मृदा परीक्षण के लिए मृदा नमूना संग्रहण पर व 17 प्रतिशत नमक घोल का जीवांत प्रदर्शन दिया गया। चिकित्सा अधिकारी मनोज सलाम द्वारा केंद्र प्रवर्तित योजनाएं, टीकाकरण, कृत्रिम गर्भाधान पर विस्तार पूर्वक जानकारी दिया गया। उद्यान विस्तार अधिकारी सीपी कवाची द्वारा विभाग में संचालित योजना की विस्तार पूर्वक जानकारी दिया गया। सहायक मर्तस्यिकी अधिकारी सुनीता पवार के द्वारा मछलीपालन की जानकारी दिया गया। प्रधानमंत्री फसल बीमा के अधिकारी भुनेश साहू के द्वारा फ़सल बीमा की जानकारी कृषकों को दिया गया। इस कार्यक्रम में मंगलू राम हिड़को कृषि सभापति, सरपंच लोकेश बघेल, सतीश टेकाम, शशि मांझी, मनाऊ गोटा, राजेंद्र सिंह पोटाई, राजमन सलाम, राजेंद्र मंडावी, प्रगतिशील किसान सोनू राम ध्रुव कृषि विभाग, उद्यानिकी, पशुपालन एवं कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक आमाबेड़ा, कोतकूड़ पुफगांव, मातला अ, बड़ेतेवड़ा के किसान भाई सह किसान मित्र उपस्थित रहे।

### केंद्र में भाजपा...

25 जून आपातकाल की बरसी पर जिला स्तर पर सेमिनार, लोकतंत्र सेनानियों का सम्मान, महाविद्यालयों, शैक्षणिक संस्थानों में कार्यक्रम तथा आपातकाल की बर्बरता का चित्रण करती प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रमों के व्यापक प्रचार प्रसार के लिए आईटी, सोशल मीडिया की टीम को विशेष जिम्मेदारी दी जा रही है। बदलता भारत मेरा अनुभव शीर्षक से डिजिटल प्रतियोगिता भी रखी गई है, जिसके अंतर्गत माईजीओवी पोर्टल पर शॉर्ट वीडियो, ब्लॉग इत्यादि में अधिक से अधिक कार्यकर्ताओं की सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी। पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष सतीश लाटिया ने कहा कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित लोगों का साक्षात्कार कर उन्हें सोशल मीडिया में अपलोड किया जाएगा।

**ये रहे उपस्थित-** इस अवसर पर लोकसभा सांसद भोजराज नाग, विधायक आशा राम नेताम, मछुआ कल्याण बोर्ड अध्यक्ष भरत मटियारा, छग हस्तशिल्प कला विकास बोर्ड अध्यक्ष शालिनी राजपूत, पूर्व विधायक देवलाल दुग्गा, सुमित्रा मारकोले, नगर पालिका अध्यक्ष अरुण कौशिक, जिला पंचायत उपाध्यक्ष तारा ठाकुर सहित भाजपा, मोर्चा प्रकोष्ठ के प्रदेश ,जिला , मण्डल पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### छात्र की पढ़ाई...

ने युक्तियुक्तकरण की नीति को लागू किया है। शिक्षकविहीन एवं एकल-शिक्षकीय विद्यालयों में शिक्षकों की उपलब्धता सुनिश्चित करना, एक ही परिसर में संचालित विद्यालयों का समायोजन कर संसाधनों का समुचित उपयोग, सभी विद्यार्थियों को विषय-विशेषज्ञ शिक्षक उपलब्ध कराना,विद्यालयों को बेहतर एवं सुरक्षित भवनों में स्थानांतरित कर प्रेरणादायी शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराना है। जिला प्रशासन और शिक्षा विभाग यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि इस प्रक्रिया से किसी भी छात्र की पढ़ाई प्रभावित न हो, बल्कि अब उन्हें और बेहतर शैक्षणिक वातावरण प्राप्त हो। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी हरेश मण्डावी, डीएमसी रवि मिश्रा, शिक्षा विभाग के अधिकारी-कर्मचारी एवं विभिन्न मीडिया प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत किया पौधारोपण



**सुकमा।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर जिले की सभी ग्राम पंचायतों और स्वास्थ्य केंद्रों में उत्साहपूर्वक पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। इस अवसर पर एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत ग्रामीणों ने पौधारोपण किया। पौधारोपण कार्यक्रम कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव एवं सीईओ जिला पंचायत नम्रता जैन के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधि, सचिव, रोजगार सहायक, स्व-सहायता समूह की महिलाएं, मेडिकल स्टॉफ युवा और ग्रामीणजन शामिल हुए।
सभी प्रतिभागियों ने अपने हाथों से पौधे लगाकर उन्हें संरक्षित रखने का संकल्प लिया। हर व्यक्ति ने अपने लगाए गए पौधे को अपनी माँ के नाम समर्पित किया।

### सुकमा, छिंदगढ़ व कोंटा में होगा शिविर का आयोजन

**सुकमा।** कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशन में सुकमा, छिंदगढ़ एवं कोंटा जनपदों में दिव्यांगजनों को कृत्रिम अंग हांथ, पैर एवं कैलीपर्स सहायक उपकरण प्रदाय एवं प्रमाणीकरण हेतु शिविर का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान दिव्यांग हितग्राहियों को कृत्रिम पैर, हांथ, कैलीपर्स, बैशाखी, श्रवण यंत्र, ट्रायसाइकल, व्हीलचेयर एवं छूटे हुये दिव्यांगजनों को प्रमाण पत्र प्रदाय किया जाएगा। शिविर का आयोजन जपदन पंचायत सुकमा में जिला चिकित्सालय सुकमा में 18 जून को किया जाएगा। जनपद पंचायत छिंदगढ़ में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र छिंदगढ़ में 19 जून गुरूवार को किया जाएगा।

### पत्रकार को मातृ शोक



**जगदलपुर।** शहर के वरिष्ठ पत्रकार एवं अधिवक्ता जयप्रकाश झा की माता का निधन रायपुर में 93 वर्ष की आयु में हो गया। दिवंगत आत्मा को शांति तथा शोकसंतप्त परिवार को दुःख सहने की शक्ति देने बस्तर जिला पत्रकार संघ ने ईश्वर से कामना की है।

## बिजली, पानी, सड़क, स्कूल जैसे मूलभूत सुविधाएं ग्रामीणों को मिलेगी

# डीएमएफ के शासी परिषद की बैठक में 131 करोड़ का कार्ययोजना अनुमोदित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर




बस्तर सांसद महेश कश्यप की उपस्थिति में आयोजित जिला खनिज संस्थान न्यास डीएमएफ के शासी परिषद की बैठक में विभिन्न विकास कार्यो के लिए 131 करोड़ की राशि का अनुमोदन किया गया।

बैठक में कलेक्टर सह शासी परिषद के पदेन अध्यक्ष संबित मिश्रा ने डीएमएफ के तहत जिले को 2016-17 से अब तक कुल प्राप्त राशि एवं व्यय के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। कलेक्टर ने बीजापुर जिले के भौगोलिक कठिनाईयों के बावजूद डीएमएफ राशि के बेहतर प्रबंधन करते हुऐ उल्लेखनीय कार्यो से भी अवगत कराते हुऐ पीपीटी के माध्यम से प्रस्तुतिकरण दिए। बीजापुर जिले के समग्र विकास हेतु सर्वोच्च प्राथमिकता के क्षेत्र में वर्तमान सत्र में विभिन्न सेक्टर में किए जाने वाले कार्यों से अवगत कराया। वहीं डीएमएफ के शासी परिषद के नवीन सदस्यों ने अपने-अपने क्षेत्रों की वस्तुस्थिति को अवगत कराया। सांसद महेश कश्यप ने जिला प्रशासन द्वारा प्रस्तुत कार्य योजना को जिले के विकास के लिए कारगर बताते हुऐ कहा कि अंदरूनी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में जिला प्रशासन द्वारा बेहतर कार्य किया जा रहा है।

बीजापुर जिला अब राष्ट्रीय और अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना रही है। जनहित के विकास कार्यो को अंदरूनी क्षेत्रों में पहुंचाने एवं आवश्यक निर्माण संबंधी कार्यो की जानकारी स्थानीय जनप्रतिनिधियों सरपंच, पंच को अवगत अवश्य कराए ताकि जनप्रतिनिधियों के संज्ञान में रहने से बेहतर तरीके से और पारदर्शिता के साथ कार्य पूर्ण हो सके। बिजली, पानी, सड़क, स्कूल, आंगनबाड़ी जैसे मूलभूत सुविधाएं ग्रामीणों को गुणवत्तापूर्वक मिले इसके लिए आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। क्षेत्रीय विधायक विक्रम शाह मंडावी ने कहा कि अंदरूनी क्षेत्रों में प्रशासन के पहुंच से सकारात्मक बदलाव आने एवं नियद नेल्लानार योजना से विकास की गति बढ़ी है। जनप्रतिनिधि एवं विभागीय अधिकारियों के तालमेल एवं समन्वय से और भी बेहतर परिणाम मिलने की बात कही।

इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती जानकारी कोरसा ने जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में विकास कार्यो के लिए आवश्यक सुझाव प्रस्तुत किए। बैठक में प्रभारी वनमंडलाधिकारी एवं उपनिदेशक इन्द्रावती टाईगर रिजर्व संदीप बल्गा सहित जनप्रतिनिधिगण एवं जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित थे।

## विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर एक पेड़ मां के नाम का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर 5 जून को जिले में एक पेड़ माँ के नाम 2.0 वृक्षारोपण अभियान इको-क्लब एवं मिशन लाइफ के सहयोग से जिले भर के शासकीय व अशासकीय शैक्षणिक संस्थानों ने आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ स्वामी आत्मानंद शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल, पावारास सुकमा में किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में जिला शिक्षा अधिकारी जीआर मंडावी उपस्थित रहे। उनके साथ विद्यालय के प्राचार्य श्रीमति टीडी दास, शिक्षकगण, विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्य और संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

मुख्य अतिथि ने वृक्षारोपण की शुरुआत करते हुए छात्रों को पर्यावरण संरक्षण करने का संकल्प संदेश दिया। उन्होंने कहा, आज के बच्चे ही कल के भविष्य हैं और यदि हम उन्हें प्रकृति से जोड़ेंगे, तो हमारी आने वाली पीढ़ियाँ हरियाली से भरपूर जीवन जी सकेंगी। इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा अपनी माताओं के नाम पर पौधे लगाए गए, जिससे इस अभियान को एक भावनात्मक जुड़ाव मिला। सभी छात्रों ने अपनी माता के नाम पर एक एक पौधा लगाया। वृक्षारोपण के लिए स्थानीय जलवायु के अनुकूल फलदार, छायादार एवं औषधीय पौधों का चयन किया गया। सभी विद्यार्थियों को पौधों की देखरेख और संरक्षण की जिम्मेदारी दी गई। पूरे जिले के शैक्षणिक संस्थानों में एक साथ यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य न केवल पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देना था, बल्कि समाज में मातृत्व के प्रति सम्मान और संवेदनशीलता प्रदर्शित करना था।

इस वृहत पौधारोपण अभियान ने सुकमा जिले को एक नई पहचान दी है और यह संदेश दिया कि सामूहिक प्रयासों से पर्यावरण संतुलन को फिर से कायम किया जा सकता है।

## विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर किया गया पौधारोपण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बस्तर

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर वन परिक्षेत्र बस्तर के अंतर्गत नगर पंचायत बस्तर में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत वार्ड नंबर 7 कृष्ण कुंज में वृक्षारोपण किया। इस कार्यक्रम में अध्यक्ष,पार्षदगण, वन परिक्षेत्र अधिकारी बस्तर, सीएमओ, उप अभियंता और वन कर्मचारियों ने भाग लिया और फलदार पौधे लगाए। इस पहल से न केवल पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि क्षेत्र में हरियाली और स्वच्छता भी बढ़ेगी। एक पेड़ माँ के नाम अभियान के माध्यम से लोगों को पर्यावरण के प्रति जागरूक करने और मातृशक्ति का सम्मान करने का संदेश दिया गया। इस दौरान कार्यक्रम में नगर पंचायत अध्यक्ष देवकी भद्रे, पार्षद में समीर मिश्रा, बंसी कश्यप,वीरसिंह मोर्य,मंगल राम बघेल, अंकित पारख, फतेसिँह परिहार, महेश मौर्य, वनपरिक्षेत्र अधिकारी बीएल सुरोजिया, सीएमओ तरुणपाल लहरे उप अभियंता रोहित नाग, सूरज कुमार कश्यप घनश्याम जुर्री, जुगधर ठाकुर, रामदास कश्यप सहित बड़ी संख्या में नागरिक मौजूद रहे।

- लोगों को पर्यावरण के प्रति जागरूक करने का दिया संदेश

### दीवारों पर लिखे जा रहे जल संरक्षण से जुड़े प्रेरक स्लोगन




**सुकमा।** सुकमा जिले में मोर गांव मोर पानी महाअभियान' के अंतर्गत जल संरक्षण और जल संवर्धन को लेकर कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव और सीईओ जिला पंचायत नम्रता जैन के मार्गदर्शन में ग्राम पंचायत स्तर पर उन्मुखीकरण प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य ग्रामीणों को जल संकट के प्रति जागरूक करना और उन्हें जल संरक्षण के महत्व से अवगत कराना है। इसके साथ ही, ग्राम पंचायतों और शासकीय भवनों की दीवारों पर भूजल स्तर के बारे में जानकारी दी जा रही है। दीवारों पर जल संरक्षण से जुड़े प्रेरक स्लोगन भी लिखे गए हैं, ताकि ग्रामीणों को निरंतर इस दिशा में प्रेरित किया जा सके और वे जल के महत्व को समझकर इसके बचाव में सक्रिय रूप से भाग लें।

## त्रुटिरहित मतदाता सूची तैयार करने के लिए सुपरवाइजरों का हुआ प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा



भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, छत्तीसगढ़ रायपुर के निर्देशानुसार त्रुटिरहित मतदाता सूची तैयार करने, बीएलओ एप्प एवं ऑनलाइन पोर्टल के उपयोग तथा निर्वाचन संबंधी विभिन्न फॉर्मों के निराकरण के संबंध में बीएलओ एवं सुपरवाइजरों का तहसीलवार दो दिवसीय प्रशिक्षण संयुक्त जिला कार्यालय (शंकनी) के सभाकक्ष में आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम की अध्यक्षता उप जिला निर्वाचन अधिकारी मूलचंद चोपड़ा द्वारा की गई। कार्यक्रम में जिले के सहायक प्रोग्रामर एवं उनके सहायक द्वारा बीएलओ एवं सुपरवाइजरों को त्रुटिरहित मतदाता सूची तैयार करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। प्रशिक्षण में यह बताया गया कि कई बार ऐसे मतदाता जिनका नाम तो सूची में होता है, लेकिन उनका फोटो उपलब्ध नहीं होने के कारण निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान समस्याएं उत्पन्न होती हैं। इसे देखते हुए बीएलओ को अपने कार्यों का पूर्ण निर्वहन करते हुए सावधानीपूर्वक कार्य करने के निर्देश दिए गए। इसके अतिरिक्त नए हितग्राहियों के नाम जोड़ने के लिए आईडी दस्तावेजों के साथ आवष्यक फार्मों के उपयोग, विशेष रूप से फॉर्म-8 के माध्यम से संशोधन कार्य की प्रक्रिया, ऑनलाइन एवं ऑफलाइन दोनों माध्यमों से फार्म प्रोसेसिंग की जानकारी बीएलओ एवं सुपरवाइजरों को दी गई।

## प्रभात फेरी, रक्तदान शिविर, स्वास्थ्य शिविर समेत गुमरगुंडा शिव मंदिर में हुआ अभिषेक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम



गीदम में माहेश्वरी समाज द्वारा महेश नवमी के पर्व बड़े ही धूमधाम एव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

सुबह 7 बजे समाज द्वारा बाबा रामदेव मंदिर में पूजा अर्चना नगर के विभिन्न गलियों व मुख्य मार्ग में प्रभात फेरी निकाली गई इसके पश्चात शिव मंदिर में पूजा अर्चना व अभिषेक किया गया। इस मौके पर रक्तदान शिविर व स्वास्थ्य शिविर का भी आयोजन किया गया। वही आश्रम के बच्चों को पाठ्य सामग्री भी वितरण किया गया।

इसके साथ ही शहर में क्रिकेट प्रतियोगिता , पौधारोपण, गीदम अस्पताल में व्हीलचेयर, फल, बिस्किट वितरण किया गया और गौ शाला में चारा की व्यवस्था कराई गई। इस मौके पर शहर के जगदीश राठी के घर देर रात तक समाज द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित हुआ। इस कार्यक्रम में गीदम, दन्तेवाड़ा व बचेली के समाजजनों, युवाओ व मातृशक्तियो की सक्रिय भागीदारी रही। इस कार्यक्रम का समापन गुरुवार देर रात्रि मेधावी छात्रों को पुरष्कृत कर दाल बांटी व अन्य भोज के साथ किया गया।

## सेजेस में पर्यावरण दिवस पर पौधारोपण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बस्तर




पीएम श्री स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय बस्तर में 5 जून विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर वृक्षारोपण किया गया। शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष डॉक्टर वीएस राजपूत, पार्षद समीर मिश्रा, गोरेलाल विश्वकर्मा (सेवा निवृत शिक्षक ), सुषमा राजपूत, गणमान्य नागरिक गण, संस्था के बच्चे एवं समस्त स्टाफ के द्वारा नींबू,पपीता, चीकू, आम, आंवला, बेल, संतरा तथा अन्य फलदार एवं फूल वाले पौधों का रोपण किया गया।

बच्चों के लिए पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें प्राथमिक स्तर में प्रथम राजश्री बघेल, द्वितीय दिव्यांशु कश्यप, तृतीय रुस्तम मौर्य रहे। माध्यमिक स्तर में प्रथम आर्य रिजवी, द्वितीय सिमरन मिश्रा, तृतीय दुर्गा रानी रही। डॉ. राजपूत ने अपने अभिभाषण में पेड़-पौधे के महत्व को प्रतिपादित किया। उन्होंने कहा कि इस पर्यावरण की रक्षा के लिए वृक्षारोपण कर उनकी देखरेख करना आवश्यक है। आगे चर्चा में उन्होंने विश्व पर्यावरण दिवस के प्रारंभ होने के कारण को स्पष्ट करते हुए बतलाया कि 1973 से लगातार पूरे विश्व में विश्व पर्यावरण दिवस द्वारा पर्यावरण के प्रति जागरूकता लायी जा रही है। प्रतियोगिता में प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान आने वाले बच्चों को प्रमाणपत्र वितरण किया गया। साथ ही मिष्ठान वितरण के साथ कार्यक्रम की समापन की गई। इस अवसर पर संस्था के प्रवेश प्रभारी हेमंत साहू, इको क्लब प्रभारी सूरज कुमार निषाद, गौतम देवांगन, राजबीर कौर, बी.श्रीनिवास राव, गोपाल राय, भार्गव पाण्डेय, सुमीता जोशी, राहूल मण्डल, रवि राय, शांति बघेल, नम्रता खम्बारी, यशोदा नाग, अमरीका कश्यप, पुरन सिंग आदि उपस्थित रहे।

### शिविर में 280 से अधिक लाभार्थियों को मिला योजनाओं का लाभ



**दंतेवाड़ा।** कुआकोण्डा ब्लॉक के ग्राम अरनपुर में आज आत्मसमर्पित नक्सली एवं नक्सल पीड़ित परिवारों के लिए एक दिवसीय पुनर्वास सुविधा शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में लगभग 280 हितग्राहियों को विभिन्न शासकीय योजनाओं से जोड़ने की पहल की गई। इस अवसर पर नोडल अधिकारी गोवर्धन प्रसाद साहू, उप संचालक संतोष टोप्पो सहित अन्य विभागों के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे। शिविर के दौरान लाभार्थियों को आधार कार्ड, राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड, श्रम कार्ड, बस पास, नरेगा जॉब कार्ड, सामाजिक पेंशन, पीएम आवास, बैंक खाता, स्वयं सहायता समूह से जोड़ना, आय, जाति, निवास प्रमाण पत्र, कौशल विकास प्रशिक्षण, किसान क्रेडिट कार्ड, पीएम किसान सम्मान निधि और वन अधिकार पट्टा जैसी योजनाओं से जोड़ने का कार्य किया गया। यह शिविर राज्य शासन की नक्सली प्रभावित पुनर्वास नीति के अंतर्गत आयोजित किया गया, जिसका उद्देश्य समाज की मुख्यधारा से कटे लोगों को समावेशी विकास से जोड़ना है।

## पुलिस बल ने किया पौधारोपण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर रेंज जगदलपुर केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल द्वारा एक विशेष वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यकम का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण एवं हरित आवरण बढ़ाने की दिशा में जन जागरूकता फैलाना रहा।

इस अवसर पर पुलिस उप महानिरीक्षक रेंज जगदलपुर केरिपुबल के हरजिन्दर सिंह के नेतृत्व में शहीद स्मारक पार्क में वृक्षारोपण किया गया। इस दौरान दिनेश कुमार सिंह द्वितीय कमान अधिकारी, अमरजीत कुमार गुप्ता, उप. कमान, एन्टोनी एन सहा. कमा. एवं जवानों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लेते हुए 50 फलदार, छायादार एवं औषधिय पौधे लगाये।

दिनेश कुमार सिंह द्वितीय कमान अधिकारी ने अपने सम्बोधन में कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल एक दिन का कार्य नहीं बल्कि हमें इसे अपने दिनचर्या का हिस्सा बनाना चाहिए। पेड़ न केवल हमें स्वच्छ वायु और छाया प्रदान करते है बल्कि आने वाली पीढियों के लिए भी एक बेहतर वातावरण सृजित करते हैं। इस कार्यक्रम के माध्यम से जवानों ने स्थानीय नागरिकों को भी पर्यावरण के प्रति जागरूक किया तथा अधिकाधिक पौधारोपण करने का आह्वान किया।

कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित अधिकारियों एवं जवानों ने लगाए पौधों की नियमित देखभाल का संकल्प लिया।

## पॉलिटेक्निक कॉलेज में मनाया गया विश्व पर्यावरण दिवस



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम

गीदम ब्लॉक के एजुकेशन सिटी जावांगा में स्थित एनएमडीसी डीएवी पॉलिटेक्निक कॉलेज में एक पेड़ मां के नाम 2.0 थीम पर आधारित पौधारोपण किया गया। इस पौधारोपण अभियान में प्राचार्य और स्टाफ ने पौधे लगाए। उन्होंने पौधों को बचाने का भी संकल्प लिया। राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों ने भी पौधे रोपे। इस वर्ष थीम एक पेड़ माँ के नाम के अनुसार उन्होंने अपने पौधे अपनी माँ को समर्पित किए। इस पौधारोपण अभियान में सभी स्टाफ को एवं संस्थान के चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को भी शामिल किया गया तथा उन्हें भी पौधे वितरित किए गए तथा उन्हें अपने पैतृक गांव में पौधे लगाने के लिए कहा गया। जिससे कि गांवों में इनके माध्यम से जागरूकता पैदा की जा सके। पौधों में तुलसी, लीची, आम, नींबू, ताड़ आदि विभिन्न फल देने वाले पौधे शामिल थे। इस अभियान में कुल 50 पौधे लगाए गए। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करना है।

## हवन-पूजन के साथ पर्यावरण संरक्षण का लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बस्तर



विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर विकासखंड बस्तर अंतर्गत ग्राम सालेमेटा 2 में जनप्रतिनिधियों, शिक्षकों एवं ग्रामीणों के सहयोग से विशाल पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन आज किया गया। प्रातः 8 बजे गायत्री महायज्ञ के माध्यम से कार्यक्रम की शुरूआत किया गया।

इस कार्यक्रम में विभिन्न प्रकार के तकरीबन 200 से अधिक पौधों का रोपण जनप्रतिनिधियों एवं शिक्षकों के माध्यम से किया गया। जिसमें ग्रामीणों की भी बड़ी संख्या में उपस्थिति रही एवं कार्यक्रम संपन्न होने के पश्चात पौधरोपण पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी का संचालन शिक्षक जितेंद्र सोरी ने किया। जिसमें मनीराम कश्यप ने अपने विचार रखे और कहा कि वृक्ष रहेंगे तो प्रकृति बचेगी। पेड़ों के रहने से ही जीवन बचेगा। इस अवसर पर अपने विशेष उद्बोधन में शिक्षक समीर मिश्रा एवं मनीष वर्मा और स्थानीय सरपंच लक्ष्मण कश्यप एवं राजेंद्र कश्यप ने भी अपने विचार रखें। वर्तमान समय में प्रकृति हम सभी के प्रति एक आशा भरी नजरों से देख रही है और कराहते हुए कह रही है कि वृक्षों को बढ़ाया जाए,लगाया जाए और काटने से बचाया जाए ताकि धरती मां की खूबसूरती बनी रहे। इसके लिए शिक्षकों ने जो पहल किया है वह अभिनंदन योग्य है। शिक्षकों का एक वर्ग प्रतिवर्ष विभिन्न ग्रामों में जाकर पौधरोपण अभियान चलता है जिसमें विभिन्न तरह के पौधों का रोपण कर उसके संरक्षण की व्यवस्था जन सहयोग से करते हैं। इस पहल को अमली जामा पहनाने में शिक्षक नारायण लाल साहू एवं शिक्षक राकेश शर्मा का विशेष योगदान रहता है।

इसी तरह शिक्षकों के द्वारा अपने दिवंगत साथियों के निधन होने पर भी उन्हें श्रद्धांजलि स्वरुप एक पौधा रोपण कर उसके संवर्धन के लिए सलाह मार्गदर्शन देते हैं एवं जन सहयोग कर श्रद्धांजलि स्वरुप राशि भी उपलब्ध कराते हैं। यह सेवा निर्बाध रूप से विगत 12-13 वर्षों से चलाते आ रहे हैं। इस सराहनीय पहल को देखकर अन्य विकासखण्डों में भी पौधरोपण कार्य के लिए लोग आगे आ रहे हैं।

## धाकड़ समाज की बैठक में एकता और संगठन को मजबूत करने का निर्णय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



धाकड़ समाज जिला बस्तर द्वारा माता मावली मंदिर जगदलपुर में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में क्षेत्र में चल रही गतिविधियों और एक पंजीयन एक संगठन बनाने पर चर्चा की गई।बैठक में समाज के लोगों ने आपसी मतभेद को भूलकर एक नया अध्याय शुरू करने का संकल्प लिया। समाज के लोगों ने एकजुट होकर काम करने और संगठन को मजबूत करने पर बल दिया। इससे समाज के विकास और उत्थान में मदद मिलेगी और समाज के लोगों का जीवन स्तर सुधरेगा।

समाज प्रमुख ने आगामी बैठक में एक मंच पर आकर एकता को बनाए रखने हेतु एक ठोस कदम उठाने का निर्णय लिया। बैठक में एक पंजीयन एक संगठन बनाने पर चर्चा की गई, जिससे समाज के विकास और उत्थान में मदद मिलेगी। सामाजिक प्रकरणों का निराकरण पर मंच के सभापतियों ने सामाजिक कुछ प्रकरणों को निष्पक्ष रूप से निराकरण किया। बैठक में तीनों पंजीयन के सदस्य एवं पदाधिकारी शामिल हुए। समाज प्रमुख ने सकारात्मक निर्णय लिया है।

## खबर संक्षेप

### जल वितरण संचालक कोर्स में प्रशिक्षण के लिए 9 को काउंसिलिंग

**कांकेर**। जल शक्ति तथा कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय भारत सरकार द्वारा संयुक्त रूप से जारी नल जल मित्र कार्यक्रम एनजेएमपी के तहत जल वितरण संचालक कोर्स में कौशल प्रशिक्षण के लिए लाइवलीहुड कॉलेज गोविन्दपुर कांकेर में 9 जून को प्रातः 10 बजे से शाम 4 बजे तक काउंसिलिंग का आयोजन किया जाएगा। लाइवलीहुड कॉलेज के सहायक परियोजना अधिकारी ने जानकारी दी है कि जिले के ग्राम पंचायतों द्वारा चयनित हितग्राहियों के लिए जल वितरण संचालक कोर्स में प्रशिक्षण प्रारंभ किया जा रहा है।

### अग्निवीर थल सेना भर्ती के लिए निःशुल्क कार्यशाला

**कांकेर**। भारतीय थल सेना में अग्निवीर भर्ती के लिए कम्प्यूटर आधारित लिखित परीक्षा की तैयारी के लिए जिले के पंजीकृत आवेदकों के लिए जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र कोड़ेजुंगा कांकेर में निःशुल्क कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि जिले के इच्छुक आवेदक जिन्होंने उक्त भर्ती के लिए आवेदन पत्र जमा किया है। वे 16 जून तक जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र कांकेर में कार्यालयीन समय में उपस्थित होकर अपना पंजीयन करा सकते हैं, ताकि सेना भर्ती कार्यालय रायपुर द्वारा कार्यशाला का आयोजन जल्द से जल्द प्रारंभ किया जा सके।

### सहायक विकास विस्तार अधिकारी भर्ती परीक्षा होगी 15 को

**कांकेर**। छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल रायपुर द्वारा सहायक विकास विस्तार अधिकारी एडीईओ-25 भर्ती परीक्षा का आयोजन 15 जून रविवार को पूर्वान्ह 10 से 12.15 बजे तक आयोजित की जाएगी, जिसमें जिले के लगभग 10067 परीक्षार्थी शामिल होंगे। कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने परीक्षा के सफल संचालन के लिए डिप्टी कलेक्टर आस्था बोरकर को नोडल अधिकारी एवं सहायक संचालक शिक्षा लक्ष्मण कावड़े को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। उक्त परीक्षा के लिए जिले में 41 परीक्षा केन्द्र बनाया गया है।

### बैंक मित्र एवं बैंक सखी की एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित

**कांकेर**। वित्तीय समावेशन क्रियान्वयन के लिए कांकेर जिले के सभी बैंक मित्र एवं बैंक सखी की एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन सीएससी ई गवर्नेंस सर्विसेज इंडिया लिमिटेड की ओर से जिला कार्यालय के सभाकक्ष में किया गया। जिले में सर्वाधिक कमीशन राशि प्राप्त करने वाले 5 बैंक मित्र और बैंक सखी को सीएससी एफआई डिपार्टमेंट द्वारा प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। साथ ही छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक क्षेत्रीय कार्यालय धमतरी द्वारा बैंक सखी को माइक्रो एटीएम भी प्रदान की गई। कार्यशाला में अग्रणीय जिला प्रबधंक जीएस राणा एलडीएम कांकेर, एफआई मैनेजर अभिषेक धमतरी, एफआई मैनेजर सीएससी रविकांत साहू, ईडीएम घनश्याम साहू उपस्थित रहे।

# भानुप्रतापदेव कालेज में पर्यावरण दिवस पर किया गया पौधारोपण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

भानुप्रतापदेव शासकीय स्नातकोत्तर कालेज में पर्यावरण दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर एक पेड़ मां के नाम 2.0 के अंतर्गत महाविद्यालय परिसर में पौधारोपण किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य ने पर्यावरण संरक्षण पर जोर देते हुए कहा कि वृक्ष ही जीवन का आधार हैं।छत्तीसगढ़ शासन उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार एवं प्राचार्य डॉ सरला आत्राम के मार्गदर्शन में कार्यक्रम हुआ।

महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ सरला आत्राम ने पर्यावरण दिवस पर कहा कि हर वर्ष 5 जून को पर्यावरण दिवस प्रकृति के महत्व को बतलाने एवं आने वाली पीढ़ी को इसकी रक्षा के लिए जागरूक करने के लिए मनाया जाता हैं। जनवायु परिवर्तन एवं पर्यावरण प्रदूषण के दूष्प्रभाव से बचने के लिए हम सभी को अधिक से अधिक वृक्ष लगाने की आवश्यकता है। पर्यावरण संरक्षण के लिए प्राचार्य डॉ सरला आत्राम ने कहा कि हम सभी के छोटे-छोटे प्रयास जैसे



अधिक से अधिक पेड लगाना, प्लास्टिक का दैनिक जीवन में कम उपयोग करना, जल व बिजली की बचत करना एवं कचडा का सही निपटारा करने से बडे बदलाव को लाया जा सकता है। महाविद्यालय के स्टाफ एवं विद्यार्थियों ने फलदार पौधा आम, जामून, निंबू छायादार- गुलमोहर, फुलदार पौधे महाविद्यालय परिसर के गार्डन में रोपे एवं पर्यावरण को बचाने का संकल्प लिया।

**ये रहे उपस्थित**-इस अवसर पर डॉ. एलआर सिन्हा, डॉ. बसंत नाग, प्रो. एनआर साव, एनसीसी प्रभारी प्रो. विजय प्रकाश साहू, एसआर दर्रो, डॉ. हेमलता साहू, एनएस प्रभारी डॉ. आशीष कुमार नेताम, प्रो. विजय बेसरा, प्रो. ऋचा सगने, प्रो प्रियंका टोप्पो, रूखमणी यादव एवं एनएसएस के स्वयं सेवक लिलेश्वर मानिकपुरी, चांद खान सहित छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।



### निबरा में छाया एवं फलदार पौधों का किया गया रोपण

**अंतागढ़**। रावघाट परिक्षेत्र अंतर्गत ग्राम निबरा में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर नीम, गराजी, जामुन, चिढ़ाई, छाया एवं फलदार पौधारोपण किया गया। गांव वालों ने कहा कि इस पौधों की देखभाल हम करेंगे और सामूहिक रूप से इसकी सुरक्षा करेंगे। संस्था के कार्यकर्ता दीपक अजय ने गांव वालों से कहा कि लगातार पेड़ कटाई से जलवायु पर असर पड़ता है और पेड़ से ही मानव जीवन संभव है। पेड़ लोगों को छाया देता है, फल देता है और सूखी लकड़ी हम को प्राप्त होती है।

## 178वीं बटालियन ने चलाया पौधारोपण अभियान



हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्गूकोंदल

विश्व पर्यावरण दिवस 2025 के अवसर पर 178वीं बटालियन सीमा सुरक्षा बल द्वारा सामरिक मुख्यालय दुर्गूकोंदल एवं बटालियन के सभी कंपनी बेसों सीओबीएस में वृक्षारोपण अभियान का आयोजन किया गया।

आयोजित अभियान के अंतर्गत विभिन्न प्रकार के फलदार एवं छायादार पौधों का रोपण मुख्यालय परिसर एवं आस-पास के क्षेत्रों में किया गया। यह पहल न केवल परिसर की हरियाली बढ़ाने में सहायक सिद्ध होगी, बल्कि स्थानीय पर्यावरण संतुलन को बनाए रखने में भी योगदान देगी। 178वीं बटालियन बीएसएफ पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दोहराते हुए इस प्रकार के आयोजनों के माध्यम से समाज में पर्यावरण जागरुकता का संदेश देने के लिए सतत प्रयासरत है। इस अवसर पर कमाण्डेंट ने सभी उपस्थिति कार्मिकों को पर्यावरण संरक्षण एंव पौधारोपण के लिए उत्साहित किया। दुर्गूकोंदल में आयोजित इस कार्यक्रम में 178वीं बटालियन बीएसएफ के कमांडेंट रवि भूषण की गरिमामयी उपस्थिति रही। इस अवसर पर उपस्थित अधिकारियों एवं जवानों ने पूरे उत्साह के साथ कार्यक्रम में भाग लिया।

## जामगांव में जनसहभागिता से हुआ पौधारोपण

**सरोना**। विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में कांकेर जिले की नरहरपुर तहसील अंतर्गत ग्राम जामगांव ने पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में एक नई मिसाल कायम किया। यहां वन विभाग, जनप्रतिनिधि, सामाजिक संगठन और ग्रामवासी एक साथ जुटे और अपने श्रम, संकल्प व सामूहिकता से एक ऐसा हरित उत्सव रच डाला, जिसने साबित कर दिया कि जब गांव जागता है, तो प्रकृति मुस्कुराती है।

वन विभाग द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में आम, अमरूद, कटहल, जामुन, आंवला, नीम, शीशम, साल, सरई, बरगद और पीपल जैसे



35 से अधिक बहुप्रजातीय पौधे रोपे गए, जो न सिर्फ पर्यावरणीय दृष्टि से महत्वपूर्ण हैं, बल्कि स्थानीय पारिस्थितिकी, खाद्य सुरक्षा, औषधीय उपयोग और जैव विविधता को भी संबल देते हैं। इनमें से पीपल और बरगद जहां प्राचीन भारतीय संस्कृति में जीवनदायिनी वृक्ष माने जाते हैं, वहीं नीम व आंवला आयुर्वेदिक औषधियों के मूल स्त्रोत हैं। इस चयन ने यह सिद्ध किया कि यह महज़ वृक्षारोपण नहीं था। कार्यक्रम की शुरुआत सामूहिक शपथ से हुई, जहाँ ग्रामीणों ने जल, जंगल और जमीन की रक्षा को जीवन का संकल्प माना। उन्होंने वनों की अवैध कटाई का विरोध, स्थानीय जलस्त्रोतों की सफाई और जैव विविधता के संरक्षण के लिए सक्रिय भूमिका निभाने का वचन लिया। आयोजित शपथ कार्यक्रम में किसान, महिला स्व-सहायता समूह, युवा मंडल, स्कूली छात्र-छात्राएं और बुजुर्ग एक ऐसा पाँच पीढ़ियों का संगम, जो शायद ही किसी सरकारी आयोजन में देखने को मिलता हो।

## मोहपुर में प्लास्टिक प्रदूषण को हराएं थीम पर लगाए गए पौधे



**कांकेर**। मोहपुर में जिमींदारिन प्रांगण में पौधा रोपण कर विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया। यह वैश्विक आयोजन पर्यावरण संरक्षण के लिए जागरुकता बढ़ाने और कार्रवाई को प्रोत्साहित करने के लिए मनाया गया। इस वर्ष का फोकस प्लास्टिक प्रदूषण के पर्यावरण, वन्यजीवों और मानव स्वास्थ्य पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों को कम करने पर रहा।

विश्व पर्यावरण दिवस पर संदीप सलाम ने कहा संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम के अनुसार हर साल लगभग 11 मिलियन टन प्लास्टिक कचरा जलीय पारिस्थितिकी तंत्र में प्रवेश करता है, जो जलीय जीवों और मानव स्वास्थ्य के लिए खतरा है। यह आयोजन 150 से अधिक देशों में मनाया जाता है, जिसमें सरकारें, गैर-सरकारी संगठन, व्यवसाय, और व्यक्ति पर्यावरणीय मुद्दों पर सहयोग करते हैं। कोरिया गणराज्य 2025 में इस वैश्विक आयोजन की मेजबानी करेगा। उपसरपंच इश्वर वट्टी ने कहा सरकारों से प्लास्टिक प्रदुषण से निपटने के लिए नीतिगत बदलाव और वैश्विक संधियों का समर्थन करने की अपील।

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर, विभिन्न देशों में जागरुकता अभियान, पौधारोपण, और स्वच्छता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस कार्यक्रम में संदीप मंडावी सरपंच मोहपुर, ईश्वर वट्टी भूत पूर्व सरपंच मोहपुर, शीतल गोटा पंच मोहपुर, वर्शेष नेताम, चित्रारेखा वट्टी, यामनी कुंजाम, पूजा नेताम, दीप्ति नेताम, गीता वट्टी, येरुंग कुमेटी, देवसिंग नूरेटी, सचिन आतराम, उमेन्द्र कोरेटी, महेश मंडावी, पीताम्बर शोरी, प्रदीप मंडावी केबीकेएस आदि उपस्तिथ रहे।

## विश्व पर्यावरण दिवस पर औषधीय पौधों की पहचान संरक्षण और संवर्धन के लिए लगाई गई कार्यशाला



**सरोना**। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर दुधावा स्थित जन विज्ञान केंद्र मुड़पार की जिला इकाई में एक दिवसीय विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसका मुख्य विषय औषधीय पौधों की पहचान, संरक्षण, संवर्धन और रोपण करना। यह आयोजन अनुपम जोफर के निर्देशन और समन्वयक डॉ. लाला राम सिन्हा के कुशल संचालन में सम्पन्न हुआ। कार्यशाला का शुभारंभ दीप प्रज्वलन और वृक्ष वंदना से हुआ। औषधीय पौधों की घटती प्रजातियों की पहचान, उनका संरक्षण, पारंपरिक ज्ञान का दस्तावेजीकरण और ग्रामीण अंचलों में जागरूकता के लिए कार्यशाला हुई।

कार्यशाला में पारंपरिक वैद्यकीय ज्ञान और आधुनिक पर्यावरणीय चेतना को एक मंच पर जोड़ा, वहीं वन विभाग, शिक्षा जगत, समाजसेवी संस्थाओं और स्थानीय ग्रामीणों को भी संवाद और सहभागिता का अवसर प्रदान किया। डॉ. लाला राम सिन्हा ने कहा कि जब तक प्रत्येक व्यक्ति एक पौधे को अपने परिवार का हिस्सा नहीं मानता, तब तक पर्यावरणीय चेतना अधूरी है। औषधीय पौधों का रोपण केवल स्वास्थ्य नहीं, बल्कि संस्कृति का संरक्षण भी है। कार्यक्रम में उपस्थित परंपरागत वैद्य समाज के सदस्यों ने स्थानीय स्तर पर उपलब्ध दुर्लभ औषधीय पौधों जैसे अश्वगंधा, सर्पगंधा, गिलोय, वसा, ब्राह्मी, तुलसी आदि की पहचान, उपयोगिता और चिकित्सा गुणों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने बताया कि इन पौधों का समय पर और सही विधि से उपयोग कई बार गंभीर बीमारियों में चमत्कारी साबित हो सकता है। वैद्य संघ सचिव आरके आर्ची ने कहा कि औषधीय पौधों की परंपरा केवल किताबों तक सीमित न रहे, इसके लिए हमें गांव-गांव पहुंचकर प्रशिक्षण देने होंगे और स्कूलों में इसे पाठ्यक्रम का हिस्सा बनाना चाहिए। अभिमन्यु कुंवर ने प्राथमिक चिकित्सा की बारीकियों को सरल भाषा में समझाते हुए कहा कि दुर्घटनाग्रस्त व्यक्ति को अस्पताल पहुँचाने से पूर्व कुछ मौलिक उपचार जानने भर से कई ज़िंदगियाँ बचाई जा सकती हैं। प्राथमिक उपचार किट में औषधीय पौधों के प्रयोग को लेकर भी दिशा-निर्देश दिए।प्रत्येक उपस्थित प्रतिभागी को एक पौधा रोपित करने और उसकी देखभाल का संकल्प दिलाया गया।

## जिला एवं अतिरिक्त सत्र न्यायालय पखांजुर में रोपे गए पौधे

**पखांजुर**। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर जिला एवं अतिरिक्त सत्र न्यायालय पखांजुर में एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिला एवं अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश विजय कुमार मिंज ने न्यायालय परिसर में आम, जामुन, अन्य फलदार एवं छायादार वृक्षों का पौधारोपण किया। कार्यक्रम के माध्यम से जिला एवं अतिरिक्त सत्र न्यायालय पखांजुर ने पर्यावरण संरक्षण की पहल की है। इससे न केवल न्यायालय परिसर को हरा-भरा बनाया जा सकेगा, बल्कि पर्यावरण संरक्षण के प्रति भी जागरुकता फैलाई जा सकेगी। इस अवसर पर शासकीय अभिभाषक जोगेन्द्र मंडल, हरिश राय और अधिवक्तागण सतीश पाठक, सुजीत मण्डल, महादेव बाछाड़, अरविंद हालदार, अहिनरंजन सरकार, नमिता मण्डल और अन्य अधिवक्तागण उपस्थित थे। इसके अलावा न्यायालयीन कर्मचारीगण और विधिक स्वयं सेवी भी उपस्थित रहें।



## केंवटी में ससीब ने पौधारोपण, चित्रकला, वादविवाद और प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**भानुप्रतापपुर**। 33 वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल केंवटी में विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया। इस अवसर पर वाहिनी मुख्यालय केंवटी एवं इसकी सभी समवयों में बलकर्मियों, स्कूली छात्रों एवं नागरिकों के द्वारा पौधारोपण किया गया। इस अवसर पर कमांडेंट 33 वीं वाहिनी एसएसबी केवटी प्रियव्रत शर्मा द्वारा सभी बलकर्मियों को पर्यावरण की सुरक्षा के लिए अपने अपने स्तर से प्रयास करने अपने आस पास अधिक से अधिक पेड़ लगाने तथा प्लास्टिक का कम से कम उपयोग करने का सुझाव दिया गया, जिससे पर्यावरण को संरक्षित एंव सुरक्षित रखा जा सके।

इस अवसर पर चित्रकला, प्रश्नोत्तरी एवं वाद-विवाद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमें चित्रकला प्रतियोगिता में स्थानीय विद्यालय के बच्चों ने भाग लिया। साथ ही वाहिनी के



बलकर्मियों के मध्य वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। वाद विवाद का विषय क्या इलेक्ट्रिक वाहन टिकाऊ समाधान हैं या केवल एक अस्थायी प्रवृत्ति? वाद विवाद प्रतियोगिता में वाहिनी के बलकर्मियों ने विषय के पक्ष एवं विरोध में अपने-अपने तर्को को रखा। इसी क्रम में वाहिनी बलकर्मिकों के मध्य एक प्रशनोत्तरी प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। सभी प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पाने वाले प्रतिभागियों को कमांडेंट 33वीं वाहिनी के द्वारा उनके उत्साह वर्धन के लिए पुरस्कृत किया गया।

### शिक्षकों को अर्बन नक्सली कहे जाने का विरोध, ज्ञापन

**जगदलपुर**। शिक्षकों को अर्बन नक्सली कहे जाने पर सर्व शैक्षिक संगठन ने निंदा करते हुए शुक्रवार को कोतवाली में विरोध प्रदर्शन करते हुए पुलिस अधीक्षक के नाम ज्ञापन पुलिस नगर निरीक्षक को ज्ञापन दिया। भाजपा नेता खूब लाल ध्रुव शिक्षकों के ऊपर दिए गए अर्बन नक्सली के बयान को वापस लेकर सार्वजनिक रूप से माफी मांगें।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्त्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

## मोर गांव, मोर पानी अभियान के प्रशिक्षण का हुआ समापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ पखांजुर

जनपद पंचायत कोयलिबेड़ा लिंक कार्यालय पखांजुर में मोर गांव, मोर पानी अभियान प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन 5 जून को हुआ। यह प्रशिक्षण 2 जून से कार्यालय के परिसर में प्रारंभ किया गया था।

समापन के बाद विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में कार्यालय के सामने वृक्षारोपण किया गया। मोर गांव, मोर पानी अभियान का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में जल संचयन और प्रबंधन को बढ़ावा देना है। इस अभियान के तहत ग्रामीणों को जल संचयन के महत्व और इसके लाभों के बारे में जागरूक किया जा रहा है। वृक्षारोपण पर्यावरण संरक्षण में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। वृक्ष वातावरण में ऑक्सीजन का स्तर



बढ़ाते हैं और कार्बन डाइऑक्साइड को अवशोषित करते हैं। इसके अलावा, वृक्ष मिट्टी के क्षरण को रोकने और जल संचयन में भी मदद करते हैं। जनपद पंचायत लिंक कार्यालय पखांजुर के अधिकारियों और कर्मचारियों ने विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन करके एक सराहनीय पहल की है। इस तरह के कार्यक्रमों से लोगों में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ती है।

### ये रहे उपस्थित-

इस अवसर पर जनपद उपाध्यक्ष मंजू सरदार, जनपद सदस्य विश्वजीत देवनाथ, हरनगढ़ उपसरपंच, सीईओ उदय प्रकाश नाग, एडीशनल सीईओ एस सी वैध और समस्त स्टाफ उपस्थित रहे।



### मोर गांव, मोर पानी महाअभियान में दिया गया प्रशिक्षण

**दुर्गूकोंदल**। मोर गांव, मोर पानी महाअभियान के तहत जल संरक्षण एवं जल संवर्धन के लिए कलस्टर स्तरीय प्रषिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें कल्याणी महिला कलस्टर संगठन के अंतर्गत आने वाले 11 ग्राम पंचायत के सरपंच, सचिव, ग्राम रोजगार सहायक, ग्राम संगठन पदाधिकारी, सीआरपी, पीआरपी एवं समूह के सदस्यों की उपस्थित रहे। जल संरक्षण के लिए जल की महता बताते हुए सभी गांवों में वाटर हार्वेस्टिंग संरचना के लिए प्रेरित किया गया एवं बनाये जाने वाले विभिन्न संरचनाओं के संबंध में जानकारी दी गई। कार्यक्रम के अंत में जनपद अध्यक्ष गोपी बढ़ाई के द्वारा उपस्थित समस्त जन प्रतिनिधि, प्रतिभागियों एवं उपस्थित कर्मचारियों को पर्यावरण प्रदूषण एवं जल संकट से बचने के लिए आने वाली पीढ़ी के लिए पर्यावरण को अनुकूल बनाने हर व्यक्ति को अपने आस-पास एक वृक्ष अवष्य लगाने एवं जल का संग्रहण के लिए प्रेरित किया।

